## एक नजर में



### खेल दिवस पर स्पोर्ट्स डे का आयोजन

**उज्जैन।** राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद्र के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर फिट इंडिया द्वार 3 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान 29 से 31 अगस्त को चलाया गया जिसकी इस वर्ष की थीम थी एक घंटा खेल के मैदान में। पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट की प्राचार्या डॉ. नेहा टाईटस एवं उप प्राचार्य डॉ. विमलेश व्यास ने बताया कि फिट इंडिया के इस अभियान के तहत पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट में भी इंडोर एवं आउटडोर खेलो का आयोजन खेल शिक्षक अभिषेक मरमट के नेतृत्व में किया गया। जिसकी शुरुआत फिट इंडिया शपथ से की गई जो सभी विद्यार्थियो व सभी स्टाफ द्वारा ली गई उसके बाद सभी खेल शुरू किये गए जिसमें रस्सा कशी, बेडमिंटन, खो खो, टेबल टैनिस, चैस, 100 मि.रेस, चेयर रेस आदि खेलो का आयोजन किया गया जिसमें बीएससी नर्सिंग एवं जी एन एम के सभी विद्यार्थियो ने उत्साह पूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया इसी के साथ महाविद्यालय के सभी स्टाफ ने भी खेलो में सहभागिता की। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के संचालकों द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को स्वस्थ, फिट एवं उत्साह पूर्वक जीवन के लिए खेल से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।




### शिविर में बनाये 45 से ई-श्रम कार्ड

**उज्जैन।** दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक एवं विकास बोर्ड श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इंदौर के तत्वावधान में 3-4 सितंबर को बिलाईकिट, प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए दो दिवसीय जागरूकता शिविर सहपंजीयन कार्यक्रम उज्जैन में आयोजित किया गया। जागरूकता सहपंजीयन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ई-श्रम कार्ड में पंजीकरण करना व व्यक्तियों को जागरूक करना था। संचालन जगदीपसिंह प्रभारी अधिकारी ने किया। संतोषसिंह के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्टोर मैनेजर नितीन सर ने किया। इस कार्यक्रम में 80 डिग वर्कर को सूचित किया गया था इनमें 45 से अधिक ईश्रम कार्ड बनाये। डिग, प्लेटफार्म श्रमिकों को 120 पूरे करने पर स्वास्थ्य बीमा व दुर्घटना बीमा का लाभ भारत सरकार की तरफ से प्रदान किया जाएगा। कॉसमॉस मॉल के पास आयोजित शिविर में किरण सिसौदिया, सागर शर्मा एवं रवींद्र द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी श्रमिकों के लिए आयोजित किये जाएंगे। जिससे डिलीवरी, डिग व प्लेटफार्म श्रमिकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।



### एम स्टार रॉक बैंड ने दी प्रस्तुति

**उज्जैन।** महाराष्ट्रीयन समाज उज्जैन द्वारा आयोजित श्री गणेशोत्सव 2025 अंतर्गत एम स्टार रॉक बैंड की प्रस्तुति हुई। कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में म.प्र. की प्रथम महिला सेक्सोफोन वादिका मनीषा यादव एवं समूह तर्फे द्वारा उक्त प्रस्तुति दी गई। आयोजन सचिव संजय दिवटे ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अर्पण भारद्वाज ने की। प्रमुख अतिथि कालिदास संस्कृत अकादमी निदेशक गोविंद गंधे, उज्जैन पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर नंदिता मुंगी, शैलेंद्र व्यास रहे। संयोजक बसंत आपटे, निलेश फडणीस थे। वहीं संचालन दिव्या जोग ने किया। अतिथियों का स्वागत गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष पंकज चांदोलकर, सुशील मूले, गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज कार्लेकर, सचिव संजय दिवटे द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। आभार सदाशिव नायगांवकर ने माना। संजय दिवटे के अनुसार आज 5 सितंबर को शाम 7.30 बजे तिलक स्मृति मंदिर क्षीरसागर में हिंदी, मराठी फिल्मी गीत का कार्यक्रम सुर श्रृंगार आयोजन होगा।



### नगर निगम ने 27 कनेक्शन काटे

**उज्जैन।** 4 सितंबर को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल के मार्गदर्शन में लक्ष्मी नगर चौराहा, चकोर पार्क एवं अलका पुरी टंकियां भरने वाली पाइप लाइन से सीधे जोड़े कनैक्शनों को काट कर बंद किया गया। टंकी प्रभारी प्रहलाद मेहर, झोन इंजीनियर रिदम शाह, आशीष जाट, संतोष दायमा, ओपी सिसोदिया एवं टंकी स्टाफ द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 27 कनेक्शन काटे गए। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**उज्जैन।** प्रेम छाया परिसर में आज 5 सितम्बर शुक्रवार की सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक वेदा कैंसर एवं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा कैंसर एवं अन्य रोगों की जांच तथा आनंदम नेत्रालय के विशेषज्ञों द्वारा आंख की जांच एवं नि:शुल्क चश्मे वितरण का कार्यक्रम अनिलसिंह चंदेल, अध्यक्ष-उज्जैन परस्पर सहकारी बैंक के आतिथ्य एवं सुरेशसिंह कुशवाह, अध्यक्ष-महाराणा प्रताप सहकारी साख संस्था की अध्यक्षता में आयोजित है। जानकारी ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट बैंक उपाध्यक्ष तथा एसएन सोमानी मुख्य महाप्रबंधक ने दी है। बैंक, सोसायटी सदस्य एवं समाजजनों से स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# झमाझम बारिश से मोक्षदायनी शिप्रा में आया उफान, बड़े पुल के पास पहुंचा जलस्तर





**उज्जैन। मानसून की सक्रियता के चलते बुधवार गुरुवार रात झमाझम बारिश हुई। सुबह मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी का रौद्र रूप दिखाई दिया। जल स्तर उज्जैन बड़नगर को जोड़ने वाले बड़े पुल के करीब पहुंच गया था। रामघाट पर बने मंदिर डूब चुके थे। आसपास के क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं।**

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अलर्ट जारी करते हुए इंदौर-उज्जैन सहित आसपास के जिलों में बारिश का रेड के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। जो रात में सही साबित हुआ। बुधवार शाम अंधेरा ढलने के बाद शुरू हुई बारिश ने रफ्तार पकड़ी और गुरुवार सुबह मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी का रौद्र रूप सामने आया। रामघाट पर बने मंदिर पूरी तरह से डूब चुके थे। उज्जैन बड़नगर को जोड़ने वाले बड़े पुल से तीन फीट नीचे पानी गुजर रहा था। शिप्रा नदी के आसपास बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। इंदौर उज्जैन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बारिश को देखते हुए प्रशासन ने भी शिप्रा के आसपास रहने वालों को सतर्क रहने के आदेश जारी कर दिए थे। हालात पर पुलिस और होमगार्ड की टीम लगातार नजर रखे हुए है। कई ग्रामीण क्षेत्र में शिप्रा का जल स्तर बढ़ने से आवागमन पूरी तरह से थम चुका था। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख के अनुसार गुरुवार सुबह तक 24 घंटे में उज्जैन तहसील में सर्वाधिक 147 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। जो 6 इंच के करीब है। बड़नगर तहसील में 109 मिलीमीटर वर्षा हुई। जिले की खाचरौद तहसील में सर्वाधिक 890.0 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। अब तक जिले में 701.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है पिछले वर्ष जिले में 4 सितंबर तक 656.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। मौसम विभाग के अनुसार अब भी दो दिन तेज बारिश की संभावना है।

### गंभीर डेम के खोले गए तीन गेट

इंदौर-उज्जैन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जारी बारिश के चलते गंभीर डेम एक बार फिर अपनी क्षमता को पार कर चुका है। बुधवार गुरुवार रात 12 बजे गंभीर का एक गेट 3 मीटर के लिए खोला गया। लेकिन पानी की आवक काफी तेज थी जिसके चलते ढाई बजे दूसरा और गुरुवार सुबह 8 बजे तीसरा गेट भी 3 मीटर के लिए खोल दिया गया। तेजी से पानी छोडने का क्रम देर शाम तक जारी था। गंभीर डेम की क्षमता 2250 एमसीएफटी है जो कुछ दिन पहले ही पूरी हो गई थी। अब डेम में हो रही पानी की आवक को देखते हुए गंभीर का लेवल मेंटेन करने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। गंभीर डेम के साथ ही इंदौर में हुई बारिश के चलते यशवंत सागर के भी रात में गेट खोले गए थे। सुबह होने तक यशवंत के भी तीन गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। इंदौर से आ रहा पानी गंभीर डेम तक पहुंच रहा है।

### सड़कों पर जमा हुआ 3 से 4 फीट पानी

रातभर से हो रही बारिश के बाद सड़कों पर 3 से 4 फीट पानी कई क्षेत्रों में दिखाई दे रहा था। लाल मस्जिद चौराहा, हनुमान नाका, गदापुलिया, ढाबारोड, नई सड़क, केडी गेट, कंठाल सहित कई क्षेत्रों में आज सुबह तक पानी भरा हुआ था जिसके चलते आवागमन थम चुका था। कई निचली बस्तियों में भी पानी भरने पर रहवासी परेशान हो गए थे। कई स्थानों पर जलभराव की सूचना मिलने पर नगर निगम द्वारा जल निकासी के इंतजाम किए जा रहे हैं। कुछ स्कूल ग्राउण्ड में भी पानी भरने पर बच्चे कक्षाओं तक नहीं पहुंच पाए थे। कुछ स्कूलों द्वारा अवकाश घोषित कर दिया गया। विदित हो कि गंभीर जलाशय में पानी यशवंत सागर बांध से आता है और शाम 7 बजे तक इंदौर में भारी बारिश के चलते यशवंत सागर में पानी की आवक निरंतर जारी थी।

### रणजीत हनुमान के समीप आश्रम वासियों को नाव से बचाया

बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात को तेज बारिश हुई। लगातार हो रही बरसात की वजह से कई क्षेत्रों में जल जमाव की स्थिति बन गई और लोग कई स्थानों पर फंस गए। रणजीत हनुमान मंदिर क्षेत्र में एक आश्रम है जहां पर वृद्ध आश्रम भी संचालित किया जाता है। कलेक्टर एसपी ने यहां पर एनडीआरएफ दल को भेजा। आश्रम में निवासरत लोगों को एनडीआरएफ के दल ने रेस्क्यू किया। इस अवसर पर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एसपी प्रदीप शर्मा मॉनिटरिंग करते रहे, महाकाल थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही, सभी ने लबालब पानी से बाहर निकाल कर राहत की सांस ली। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा अतिवृष्टि से जलभराव और पुल-पुलियाओं के ऊपर बह रहे बाढ़ के पानी की सतत निगरानी कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम, तहसीलदारों और पटवारियों द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर आपदा प्रबंधन की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। लोकनिर्माण विभाग द्वारा पुल-पुलियाओं की आवश्यक बेरिकेडिंग की गई है। साथ ही जनहानि की रोकथाम के लिए पुल-पुलियाओं के ऊपर बाढ़ का पानी होने पर उक्त पुल-पुलियाओं पर आवागमन प्रतिबंधित किया गया है।

### एसडीएम ने इन क्षेत्रों में आवागमन रोका

एसडीएम कृतिका भीमावद ने ग्रामीण क्षेत्रों का सुबह से लगातार भ्रमण किया गया। एसडीएम सुश्री भीमावद ने जानकारी दी कि ग्राम चिंतामण, हासामपुरा, पंथपिपलाई, दताना, गोंदिया, फतेहाबाद में पुलिया पर पानी होने पर बेरिकेडिंग लगाकर आवागमन रोका गया है। कुछ जगहों पर जेसीबी के माध्यम से नालों से मलबा निकालकर जल निकासी सुनिश्चित की गई है। एसडीआरएफ, जिला आपदा प्रबंधन दल और होमगार्डस द्वारा घाटों पर सतत निगरानी की जा रही है। सीएम राईज विद्यालय ग्राम दाउदखेड़ी में जलभराव होने पर शिक्षकों को एसडीआरएफ दल द्वारा बोट से सुरक्षित बाहर निकाला गया। समाचार लिखे जाने तक अभी सभी जगह स्थिति नियंत्रण में है। उज्जैन इंदौर में हो रही लगातार बारिश के चलते जहां शिप्रा का जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया था वहीं इंदौर की ओर से आने वाली कान्ह नदी बी से पानी की काफी तेज आवक हो रही थी। इंदौर नागदा बाईपास मार्ग पर दाऊद खेड़ी क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गया था। यहां प्राइवेट स्कूल में पानी भरने से अवकाश घोषित किया गया यही नहीं एक स्कूली बस भी पानी में फंसी दिखाई दी। कई रहवासियों के घरों तक पानी पहुंच गया था।

# मंगलनाथ पुल के नीचे नदी से मिली लाश

**उज्जैन। रात भर से हो रही बारिश के चलते शिप्रा नदी में उफान दिखाई दे रहा है। पानी के तेज बहाव में गुरुवार सुबह मंगलनाथ पुल के नीचे से एक युवक की लाश मिलना सामने आया है।**

मंगलनाथ पुल के नीचे शिप्रा नदी में एक युवक की लाश बहती हुई आई और फंस गई। पुल से गुजरने वालों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मामला चिमनगंज और जीवाजीगंज थाने के बीच का होने पर उलझन बन गई, बाद में जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बॉडी पानी से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाई। पुलिस के अनुसार मृतक 40 से 45 वर्ष का प्रतीत हो रहा है जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। आसपास के ग्रामीण थाना क्षेत्र को सूचना देकर जानकारी जुटा जा रही है। पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### ड्रग्स के साथ महिला और युवक पकड़ाए

उज्जैन। मादक पदार्थ ठिकाने लगाने आए दो युवक और महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों के पास के एक लाख रुपए कीमत की ड्रग्स बरामद की गई है। तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मंगलनाथ मार्ग गया कोटा मंदिर के समीप से घेरा बंदी कर एक महिला और दो युवकों को पकड़ने पर एमडी ड्रग्स बरामद हुई। तीनों को थाने लाने पर उनके नाम जफर खान, सुफियान खान और सुहाना मेव निवासी सुसनेर आगर मालवा होना सामने आए। उनके पास से 1 लाख कीमत की 45 ग्राम ड्रग्स बरामद की गई है। मामले में प्रकरण दर्ज कर गुरुवार को पर न्यायालय में पेश किया।

### नाले से मिली थी युवक की लाश

बुधवार शाम राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम घोसला और पलवा के बीच नाले पर बने स्टाप डेम से पानी में डूबी हुई चार दिन पुरानी एक युवक की लाश बरामद की गई थी। जिसकी पहचान दीपक पिता ओमप्रकाश बारोड निवासी झेलिया खेड़ी के रूप में हुई थी। परिजनों ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त था और घर से बाहर ही रहता था पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रात में शव परिजनों को सौपा।

### युवक ने खाया जहर, मौत

चिमनगंज थाना क्षेत्र के खंडेलवाल नगर में रहने वाले शुभम पिता बिरजू मालवीय 25 वर्ष ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो गई। सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। शुभम ने जहर क्यों खाया इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है पुलिस जांच और परिजनों के बयान के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा।

# मकान में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख

**उज्जैन। भोपाल गये परिवार के मकान में गुरुवार सुबह आग लग गई। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग पर काबू पाया जाता उससे पहले घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया।**



बताया जा रहा है कि धन्नालाल की चाल में रहने वाला आयुष पिता जितेंद्र परिवार के साथ दो दिन पहले भोपाल गया था। जिसे गुरुवार को वापस लौटना था। परिवार उज्जैन आ पाता उससे पहले ही तड़के 5 बजे मकान में आग लग गई। धुआं और लपटे उठती देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दो दमकल मौके पर पहुंची और 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान दरवाजा तोड़ा गया लेकिन घर में रखा सभी सामान जल चुका था। सुबह 10 बजे के लगभग परिवार उज्जैन पहुंचे तो आयुष ने बताया कि वह टावर चौक चौपाटी पर जूस का ठेला लगाता है। घर में कुछ नगद रुपए भी रखे थे जो आग में जल गए हैं। संभवत आगजनी शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई है। आज में करीब 10 लाख का नुकसान पहुंचा है।

### पेंशन शिविर 8 व 9 को

**उज्जैन।** संभागीय पेंशन अधिकारी ने जानकारी दी की लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने के लिए जिले में पेंशन शिविर का आयोजन 8 व 9 सितंबर को किया जा रहा है। जिले के समस्त कार्यालयों में 31 जुलाई 2025 तक सेवानिवृत्त/मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरण का निराकरण किया जाना है। कार्यालय के अधीन सेवानिवृत्त, मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का आयोजित शिविर में पूर्व आपत्ति का पूर्ण रूप से निराकरण किया जाएगा। संभागीय पेंशन कार्यालय उज्जैन में अंतिम निराकरण के लिए संबंधित अपने प्रकरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री यादव उज्जैन प्रेस क्लब में भगवान श्री गणेश की आरती में शामिल हुए

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तरण ताल स्थित प्रेस क्लब में पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कर आरती में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रेस क्लब के अध्यक्ष विशाल सिंह हाड़ा, भूपेन्द्र भूतड़ा सहित आदि पत्रकारों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के पत्रकारों से चर्चा की। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल यादव, जिला पंचायत सीईओ जंयती सिंह, परिवहन अधिकारी संतोष मालवीय, संजय अग्रवाल, जगदीश पांचाल आदि उपस्थित थे।





**चंद्र ग्रहण का असर** — इस बार एक तिथि का क्षय होने से 15 दिन के होंगे श्राद्ध, उज्जैन में है पिंडदान का महत्व

# 7 को श्राद्ध के पहले दिन चंद्रग्रहण, पूर्णिमा का श्राद्ध दोपहर 12 .50 बजे तक

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** 7 सितंबर को श्राद्ध के पहले दिन चंद्रग्रहण लगेगा। इस दिन पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध दोपहर 12.50 बजे तक होगा। क्योंकि इसके बाद दोपहर 12.58 बजे से ग्रहण का सूतक लग जाएगा। वहीं कुछ राशियों पर भी इसका असर दिखेगा।

उज्जैन में शिप्रा के किनारे रामघाट, सिद्धवट एवं गयाकोठा तीर्थ में पितरों की आत्मशांति के लिए पिंडदान व तर्पण करने का महत्व होने से हजारों लोग यहां उमड़ते हैं। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया पूर्णिमा पर कुंभ राशि का चंद्रमा, शततारका नक्षत्र और सुकर्मा योग का विशेष संयोग भी बनेगा।





### महाकाल अन्नक्षेत्र पर ग्रहण का असर, 7 सितंबर को बंद रहेगा

महाकाल मंदिर के नि:शुल्क अन्नक्षेत्र में भी चंद्रग्रहण का असर होगा। 7 सितंबर को अन्नक्षेत्र को दिनभर बंद रखा जाएगा। क्योंकि ग्रहण का सूतक दोपहर में 12 .58 बजे से शुरू होगा। चूंकि सूतक में भोजन नहीं बनाया जा सकता है। इसलिए इसे मंदिर प्रबंध समिति ने बंद रखने का ही निर्णय लिया है। अन्नक्षेत्र में रोजाना सुबह से रात तक 5 हजार श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। मंदिर समिति के अधिकारियों ने बताया कि चंद्रग्रहण तो रात 9 .58 बजे से शुरू होगा। लेकिन इसका सूतक काल दोपहर में प्रारंभ होने से इसे चालू रखना धर्म-शास्त्र सम्मत नहीं होगा। इसलिए इसे बंद रखने का निर्णय लिया गया है। क्योंकि रोजाना अन्नक्षेत्र दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है।

### गढ़कालिका के युवराज को आज लगेगा 56 भोग, होगी महाआरती

प्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर के प्रांगण में विराजित गढ़कालिका के युवराज को शुक्रवार को शाम 7 .30 बजे 56 भोग लगाया जाएगा। ढोल-ढमाकों से महा आरती की जाएगी। गढ़कालिका मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया यहां 10 दिनी गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आकर्षक पंडाल सजाकर भगवान गणपति की विशाल प्रतिमा विराजित की गई है। भगवान गणपति को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी व भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। पुजारी परिवार ने अधिक से अधिक संख्या में भक्तों से आयोजन में उपस्थित होकर भगवान गणपति के दर्शन करने व प्रसाद लेने का अनुरोध किया है।